an>

Title: Need to provide lubricant oils to petrol pump dealers and distributors at uniform rate.

श्री चन्द्रकांत खैरे (औरंगाबाद) : ऑयल मार्केटिंग कंपनियां बाजार में दो तरीके से लुब्रीकेन्ट ऑयल बेचने का कार्य करती है। प्रथम, डीलरों यानि पेट्रोल पम्प डीलरों के माध्यम से। दूसरा, डिस्ट्रिब्यूटरों के माध्यम से जो स्वतंत्र बाजार में बेचा जा रहा है। औरंगाबाद की डीलर एसोसियेशन ने कई बार मुझसे शिकायत की है कि डीलरों को जो लुब्रीकेन्ट ऑयल उपलब्ध कराया जाता है, वह महंगी दरों पर होता है और जो डिस्ट्रिब्यूटरों को उपलब्ध कराया जाता है, वह सस्ती दरों पर होता है जिसके कारण बाजार में ग्राहक डीलरों से लुब्रीकेन्ट ऑयल लेने की बजाय डिस्ट्रिब्यूटरों से लेना पसंद करता है क्योंकि डिस्ट्रिब्यूटरों को लुब्रीकेन्ट ऑयल सस्ता मिलता है। ऑयल मार्केटिंग कंपनियों का दबाव रहता है कि डीलर निश्चित किए गए लक्ष्यों तक तेल अवश्य बेचे। अगर लक्ष्यों के मुताबिक लुब्रीकेन्ट ऑयल नहीं बिक पाता है तो तेल का स्टॉक पड़ा रहता है और डीलरों को काफी नुकसान उठाना पड़ता है। कई बार डीलरों को लक्ष्य के बराबर लुब्रीकेन्ट ऑयल नहीं बेचा गया तो पेट्रोल पम्प को ही बंद कर दिया जाता है। इसी माह हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड ने मेरे संसदीय क्षेत्र औरंगाबाद (महाराष्ट्र) का पेट्रोल पम्प बंद किया है।

अतः मेरा पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री जी से आग्रह है कि ऑयल मार्केटिंग कंपनियां अपनी मार्केटिंग नीति में सुधार किया जाए एवं डीलरों एवं डिस्ट्रिब्यूटरों को लुब्रीकेन्ट ऑयल बराबर दरों पर उपलब्ध कराया जाए जिससे बाजार में तेल बेचने के कार्य में समानता का वातावरण पैदा हो सके तथा डीलरों के पास अनावश्यक स्टाक न बचे। साथ ही मेरे संसदीय क्षेत्र में हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड के जिस पेट्रोल पम्प को उपरोक्त आधार पर बंद किया गया है, उसे तुरंत चालू किया जाए।